हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 21 अगस्त 2026

[देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर]

06 सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही...



07 मनरेगा में रोजगार, जॉब कार्ड और बेरोजगारी...



खबर संक्षेप

फाफरिया जैन पत्रकार परिषद के जिला संयोजक नियुक्त

नलखेड़ा। परम पूज्य आचार्य विश्व रत्न सागर सुरिश्वरजी के मंगल आशीष के साथ जैन पत्रकार परिषद के प्रदेश संयोजक दीपक दुग्गड़ द्वारा नगर के पत्रकार मोहित फाफरिया को जैन समाज की सामाजिक संस्था जैन पत्रकार परिषद का आगर जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। श्री फाफरिया की नियुक्ति पर जैन पत्रकार परिषद के सभी प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला संयोजकों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया है। तथा आशा की कि उनकी कुशलता एवं समर्पण से परिषद की गतिविधियों को नई ऊंचाई प्रदान होगी। साथ ही श्री फाफरिया पद की गरिमा को कायम रखते हुए अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करेंगे। जैन पत्रकार परिषद के साथ नगर के पत्रकारों एवं इष्टमित्रों द्वारा हर्ष व्यक्त कर उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करते हुए बधाई दी।



छात्रवृत्ति के लिए खोला गया एमपी टास्क और एनआईसी 2.0 पोर्टल

सीहोर। शासन के निर्देशानुसार अनुसूचित जाति प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन और आवास सहायता के लिए 15 अगस्त से 30 अगस्त तक एमपी टॉस्क एवं एनआईसी 2.0 पोर्टल खोला गया है। नर्सिंग पाठ्यक्रम सहित अन्य सभी पाठ्यक्रमों के फिट पायी गयी संस्थाओं के ऐसे पात्र विद्यार्थी जो इन सत्रों की छात्रवृत्ति हेतु अभी तक आवेदन नहीं कर पाये हैं वे आवेदन कर सकते हैं।

पुलिस, पीटीएस और बिसबल के ठहरने के लिए भवन अधिग्रहित

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा 25 अगस्त को आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में बाहर से आने वाले पुलिस, पीटीएस एवं बिसबल के जवानों के ठहरने की व्यवस्था के लिए भवन अधिग्रहण आदेश जारी किया गया है। यह अधिग्रहण 22 अगस्त से 26 अगस्त तक की अवधि के लिए किया गया है। जारी आदेश के अनुसार सीहोर स्थित शासकीय कन्या छात्रावास पॉलिटेक्निक कॉलेज, शासकीय आवासीय खेलकूद विद्यालय का छात्रावास तथा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के भवन को अधिग्रहित किया गया।

कीटनाशक दवा भी हो रही है बेअसर साबित

सोयाबीन फसल पर इल्लियों का प्रकोप, किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मौसम के लगातार बदलाव के चलते तहसील क्षेत्र के अधिकांश ग्रामों में सोयाबीन फसल पर इल्लियों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। कीटनाशक का छिड़काव करने के बाद भी इल्लियों पर नियंत्रण नही होने से किसानों की चिंता बढ़ रही है। नगर सहित क्षेत्र में किसानों की सोयाबीन फसल अब करीब दो माह की हो चुकी है।

किसानों की बढ़ी चिंता

अनुकूल मौसम और पर्याप्त बारिश के बाद किसानों को इस बार अच्छी पैदावार की उम्मीद थी। लेकिन अब सोयाबीन की फसल पर इल्लियों सहित विभिन्न कीटों के बढ़ते प्रकोप ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। कई खेतों में इल्लियां सोयाबीन के पौधों की पत्तियों को छलनी कर रही हैं, जिससे फसल की बढ़वार प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि खेतों में लगातार कीटों की संख्या बढ़ती दिखाई दे रही है। किसान अपने स्तर पर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कर फसल को बचाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अलग-अलग प्रकार के कीटों के दिखाई देने से उन्हें यह समझने में परेशानी हो रही है कि किस कीट के लिए कौन-सी दवा और किस मात्रा में उपयोग की जाए। गलत दवा या अनावश्यक छिड़काव से खर्च बढ़ने के साथ फसल को भी नुकसान पहुंचने की आशंका बन रही है।

बारिश के बाद अब कीटों ने बढ़ाई परेशानी

कुछ दिनों पहले तक किसान बारिश को लेकर चिंतित थे। पर्याप्त बारिश होने के बाद खेतों में सोयाबीन की फसल अच्छी तरह बढ़ रही थी और किसानों को बेहतर उत्पादन की उम्मीद जगी थी। लेकिन लगातार मौसम में बदलाव से किट प्रकोप की अनुकूलता के चलते बढते किट प्रकोप से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि सोयाबीन की फसल इस समय महत्वपूर्ण अवस्था में है, ऐसे में पत्तियों को लगातार नुकसान पहुंचने से पौधों की बढ़वार और दाने बनने की प्रक्रिया पर असर पड़ सकता है।

निरीक्षण कर किसानों को दी जाए उचित सलाह



किसानों ने कृषि विभाग एवं कृषि वैज्ञानिकों से मांग की है कि क्षेत्र के प्रभावित खेतों का तत्काल निरीक्षण कराया जाए। विशेषज्ञों की टीम खेतों में पहुंचकर कीट की पहचान करे और किसानों को फसल की स्थिति के अनुसार उचित एवं वैज्ञानिक नियंत्रण उपाय बताए। किसानों का कहना है कि केवल दवा के नाम बताने के बजाय कीट की पहचान, दवा की अनुशंसित मात्रा, छिड़काव का सही समय और सावधानियों की जानकारी भी किसानों को दी जानी चाहिए।किसानों ने यह भी मांग की है कि यदि किसी क्षेत्र में कीटों का प्रकोप अधिक है तो वहां विशेष निगरानी कर किसानों को समय रहते सचेत किया जाए, ताकि शुरुआती स्तर पर ही कीटों को नियंत्रित किया जा सके और किसानों की महीनों की मेहनत एवं लागत को नुकसान से बचाया जा सके।

20 अगस्त से लागू हुई-विकास 2.0 प्रणाली

अब और आसान होगा उर्वरक वितरण, किसानों को होगी सुविधा

बिना बंधन के मनचाहा उर्वरक, 24 घंटे में टोकन निरस्तीकरण और फसल खराब होने पर तुरंत समाधान की सुविधा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

किसानों को समय पर और पारदर्शी तरीके से उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) 2.0 प्रणाली 20 अगस्त से संपूर्ण प्रदेश में लागू की गई है। ई-विकास 2.0 को अधिक किसान-मित्र बनाने हेतु कृषि उत्पादन आयुक्त, म.प्र. शासन, भोपाल की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किसान संगठनों, निजी विक्रेताओं एवं अन्य स्टॉक होल्डर्स के सुझावों को शामिल किया गया है। उपसंचालक कृषि गोपेश पाठक ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि ई-विकास 2.0 के तहत किसानों को नई सुविधाएं प्रदान की जा रही है जो निम्नानुसार है।

बंधन मुक्त क्रय

किसान अब अपनी आवश्यकता अनुसार कोई भी एक उर्वरक बिना किसी बंधन के क्रय कर सकेगा।

सरल प्रक्रिया: अतिरिक्त उर्वरक के लिए 50 शब्दों में कारण लिखने की अनिवार्यता समाप्त। अब ड्रॉपडाउन से कारण का चयन किया जा सकेगा। आई.सी.ए.आर. आधारित गणना: पोर्टल पर उर्वरक की गणना प्रति हेक्टेयर बैग में तथा फसलवार आई.सी.ए.आर. अनुशंसा प्रदर्शित होगी।

टोकन में लचीलापन:- टोकन जनरेशन के 24 घंटे के भीतर निरस्तीकरण की सुविधा। मार्कफेड डबल लॉक केन्द्रों पर आवश्यकता अनुसार 300 से अधिक टोकन जनरेट किए जा सकेंगे।

त्वरित निराकरण:- फसल खराब होने पर एक्सेप्शनल हैंडलिंग के माध्यम से पुनः उर्वरक मांग की सुविधा। ऐसे प्रकरणों का अनुमोदन तहसीलदार/अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा 48 घंटे में किया जाएगा।

बेहतर भंडारण:- मार्कफेड डबल लॉक केन्द्रों में आवश्यकता अनुसार अधिकतम उर्वरक भंडारण हेतु ऑटोमेटेड व्यवस्था।

उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास गोपेश पाठक ने उक्त जानकारी देते हुए जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे नवीन ई-विकास 2.0 प्रणाली का लाभ उठाएं।

देवी लोक के प्रथम चरण में मां बगलामुखी मंदिर पर 68 करोड़ के विकास कार्यों के टेंडर जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

लंबे इंतजार के बाद विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पर देवी लोक के अंतर्गत प्रथम चरण में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए 68 करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों के टेंडर जारी हुवे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा नगर में स्थित माँ बगलामुखी मंदिर पर विभिन्न विकास कार्यों के टेंडर गत 17 अगस्त को जारी किए गए है। इन कार्यों की लागत 68 करोड़ 28 लाख 32 हजार रुपये है। प्राप्त निविदाएं 10 सितंबर को खोली जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंदिर परिसर में यज्ञशाला, पार्किंग स्थल, बाउंड्रीवाल, सुविधाघर, मंदिर कॉरिडॉर में प्रवेश एवं निकास, घाट निर्माण, प्रोटोकॉल ऑफिस, प्रसादी की दुकानें, मंदिर के आसपास भव्य द्वार जैसे अन्य कार्यो को भी प्रथम चरण में शामिल किया गया है। इनके निर्माण होने से वर्तमान में दर्शनार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उससे बहुत कुछ राहत मिलेगी।

सिहंस्थ के पूर्व निर्माण कार्य होंगे पूर्ण

प्रथम चरण के उक्त सभी निर्माण कार्य पूर्ण करने की समयावधि 365 दिन की है। मतलब साफ है कि सरकार सिंहस्थ 2028 के पूर्व माँ बगलामुखी मंदिर पर दर्शनार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाना चाहती है। गौरतलब है कि उज्जैन में सिंहस्थ मार्च 2028 में प्रारम्भ होगा जबकि निविदा के अनुसार उक्त निर्माण कार्य सितंबर 2027 तक पूर्ण होना है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय मे सिद्धपीठ पर पार्किंग, यज्ञशाला, सुविधाघर, जैसी मूलभूत समस्या विकराल रूप में खड़ी है जिससे निजात दिलाने के लिए प्रथम चरण में इन्ही कार्यो को शामिल किया गया ताकि सिहंस्थ के दौरान आने वाले दर्शनार्थियों को सुविधाएं मुहैया हो सके।

जिले के सभी न्यायालयों में 12 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन



नलखेड़ा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार 12 सितम्बर, शनिवार को मध्यप्रदेश के समस्त जिला एवं तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत की तैयारी एवं समीक्षा के लिए बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष डी.एस. चौहान द्वारा जिला न्यायालय स्थित मीटिंग हॉल में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री चौहान ने संबंधित विभागों के उपस्थित अधिकारियों को लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन मामलों की अधिक से अधिक संख्या रखने तथा 138 एन.आई.एक्ट के मामलों को आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक निराकरण करवाने केआवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला मुख्यालय के सभी बैंक प्रबंधक, अग्रणी बैंक प्रबंधक, म.प्र. विद्युत वितरण कंपनी , नगरपालिका के अधिकारीगण एवं समस्त न्यायाधीशगण उपस्थित थे। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अश्विनी सिंह ने अवगत कराया कि आगामी नेशनल लोक अदालत 12 सितम्बर को अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से किया जाएगा। लोक अदालत न्याय प्राप्ति का सरल एवं सहज तरीका है। अधिवक्ता गणों से प्री-लिटिगेशन एवं लिटिगेशन प्रकरणों को लोक अदालत दिवस पर निराकरण कराए जाने हेतु पक्षकारों को अधिक से अधिक प्रेरित करने की अपील की गई है।

विभिन्न वार्डों में एक करोड़ 40 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

नागरिकों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाना हमारी पहली प्राथमिकता



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर परिषद द्वारा विभिन्न वार्डो में एक करोड़ 40 लाख से अधिक लागत के सीसी रोड, नाली निर्माण एवं वार्ड 06 में पुलिया निर्माण कार्यो का भूमि पूजन कार्यक्रम गुरुवार को नगर के विभिन्न वार्डों में आयोजित हुआ। मुख्य नगरपालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल ने बताया कि वार्ड क्रमांक 05 में मोहित धारीवाल की दुकान से सोनी धर्मशाला एवं यूनिक पब्लिक स्कूल तक सीसी रोड़ एवं वार्ड क्रमांक 06 डोकरपुरा में पुलिया निर्माण कार्य का भूमि पूजन दोपहर 4 बजे डोकरपुरा पुलिया पर एवं वार्ड क्रमांक 11 मैं कब्रिस्तान पुलिया, मस्जिद एवं पुलिया से युसूफ भाई टेलर की गली तक सीसी रोड निर्माण कार्य व वार्ड क्रमांक 12 में जयनारायण के मकान से शिवलाल के मकान तक एवं जीवन के मकान तक सीसी रोड़ तथा वार्ड 13 मे दिगम्बर जैन मंदिर से राजू काका के मकान तक एवं टेलर गली मे सीसी रोड़ एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन दोपहर 4.15 बजे श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर के समीप आयोजित किया गया।

वार्ड क्रमांक 4 में भैसोदा मेन रोड से मस्जिद तक सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन सायं 4:30 बजे साजिद भाई लाल के मकान के पास आयोजित किया गया। वार्ड क्रमांक 15 में मनोहरलाल शर्मा के मकान से माणकचंद ठाकुरिया के मकान तक सीसी रोड एवं ओम सोनी के मकान से कचनारिया जोड़ तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन चार धाम मंदिर के समीप सायं 4:45 बजे आयोजित हुआ। भूमि पूजन के इस कार्यक्रम में संबंधित वार्ड पार्षदों के साथ वार्ड वासियों द्वारा भाग लिया गया। नगर परिषद अध्यक्ष अंतिम विजय सोनी द्वारा कहां गया कि नागरिकों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाना पहली प्राथमिकता है । उसी के तहत शासन द्वारा प्राप्त राशि के द्वारा विभिन्न वार्डों में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती मनाई गई



भानपुरा(मंदसौर)। भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती भानपुरा में कांग्रेस जनों द्वारा मनाई गई। जयंती को लेकर राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। एवं उनके देश हित में किए गए कार्यों को याद किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष विजय पाटीदार, पार्षद गण सुभाष बागड़ी, शीतल भूटानी, मकसूद अंसारी, बबलू गुर्जर, जहिर मंसूरी, सरपंच सरदार भील, हरीश नामदेव, हरिकृष्ण मरमट, मुकेश रत्नावत सहित अन्य लोग उपस्थित है।

शासकीय चिकित्सालय में मरीजों को फल व बिस्किट का किया वितरण

राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न,संचार क्रांति के जनक, राजीव गांधी का जन्मदिन कांग्रेस परिवार द्वारा बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर शासकीय अस्पताल नलखेड़ा में मरीजो को फल,बिस्किट वितरण करके संगोष्ठी आयोजित कर प्रमुख वक्ताओं ने भारत रत्न राजीव गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। गुरुवार को राजीव गांधी स्मृति मंच, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, नगर कांग्रेस कमेटी, एवं कांग्रेस पार्टी के सभी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जन्मदिन



बड़े उल्लास के साथ मनाया गया। शासकीय अस्पताल नलखेड़ा में भर्ती मरीजों को फल,बिस्किट वितरण किया गया। एवं संगोष्ठी आयोजित कर प्रमुख वक्ताओं ने भारत रत्न राजीव गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए भारत देश के लिए उन्होंने क्या-क्या उपलब्धियां दी इस बारे में संबोधन में चर्चा हुई एवं सभी कार्यकर्ताओं ने राजीव



गांधी के बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। तथा जब तक सूरज चांद रहेगा, राजीव जी का नाम रहेगा। राजीव जी का यह बलिदान, याद रखेगा हिंदुस्तान राजीव गांधी अमर रहे। जैसे गगन भेदी नारे लगाए गये। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कांग्रेस पार्टी के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

शिवलिंग का किया सामूहिक जलाभिषेक



चापडा। ग्राम नयापुरा में प्रतिवर्ष सावन माह के दौरान सार्वजनिक रूप से महिलाओं द्वारा ओम नमः शिवाय मंत्र का जप किया जाता है। साथ ही समापन अवसर पर मिट्टी की आर्थिक शिवलिंग बनाकर उनका सामूहिक रूप से जलाभिषेक किया जाता है। इस वर्ष भी सावन माह के दौरान ग्राम नयापुरा के सभी महिलाओं ने श्री राम मंदिर पर सामूहिक रूप से मिट्टी से बनाए गए शिवलिंग का जलाभिषेक किया। इस दौरान पंडित संजय शर्मा की उपस्थिति में सामूहिक रूप से मंत्र उच्चारण के साथ पार्थिव शिवलिंगों का जलाभिषेक किया गया। ग्राम नयापुरा में बुधवार को सावन के महीने में 21 दिन ओम नमः शिवाय मंत्र के जाप का समापन किया।

प्राचार्य ने किया ध्वजारोहण

चापडा। ग्रामीण अंचल में बीते शनिवार 15 अगस्त पर स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शासकीय व अशासकीय संस्थाओं में ध्वजारोहण किया गया। इसी के चलते शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय बागली में प्राचार्य शालिग्राम भारती की उपस्थिति में स्वतंत्रता दिवस पर्व मनाते हुए स्कूल परिसर में सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ की उपस्थिति में ध्वज फहराया गया। इस पर्व को लेकर बच्चों व विद्यालय स्टाफ में काफी उत्साह देखा गया। इसके पश्चात सभागृह में बच्चों द्वारा अनेक धार्मिक, सांस्कृतिक एवं देश भक्ति पर आधारित प्रस्तुतियां दी गई।

निगम आयुक्त ने समयावधि पत्रों व सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही नहीं चलेगी:आयुक्त दलीप कुमार

आवारा पशु-श्वानों से लेकर अवैध कॉलोनी, अतिक्रमण और जल निकासी तक की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने समयावधि पत्रों एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समय-सीमा में और मौके पर पहुंचकर निराकरण करने के निर्देश दिए। निगम बैठक हॉल में गुरुवार को आयोजित समीक्षा बैठक में शहर की विभिन्न व्यवस्थाओं और लंबित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। आयुक्त ने पीएम स्वनिधि योजना के आवेदनों और क्रेडिट कार्ड प्रकरणों में प्रगति बढ़ाने, समग्र सहायता राशि के मामलों की जानकारी लेने तथा लोक सेवा आवेदनों एवं ई-केवाईसी कार्यों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में आवारा मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजने तथा वहां उनके चारे और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं आवारा श्वानों से संबंधित शिकायतों का निराकरण करने और उन्हें पकड़कर एबीसी यानी नसबंदी प्रक्रिया कराने के निर्देश भी दिए गए। संपत्तिकर, कचरा संग्रहण शुल्क और सीवरेज शुल्क जमा नहीं करने वाले मैरिज गार्डन संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश राजस्व विभाग को दिए गए। बिना लाइसेंस संचालित प्रतिष्ठानों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने को कहा गया।

शिकायतों पर फोकस

आयुक्त ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई और दर्ज एफआईआर की प्रगति की जानकारी मांगी। विभिन्न वार्डों में सीवरेज, नाली सफाई, अस्थायी अतिक्रमण, नालियों के ऊपर किए गए कब्जे, गंदे पानी की निकासी और समय पर कचरा संग्रहण वाहन नहीं पहुंचने जैसी शिकायतों का मौके पर जाकर समाधान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा वार्डों में डाली जा रही गैस पाइपलाइन के कार्यों में कंपनी द्वारा अनुमति की शर्तों का पालन करने, सीसी सड़कों की कटिंग और समय पर रिस्टोरेशन कार्य की निगरानी के निर्देश उपयंत्रियों को दिए गए। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि समयावधि पत्रों और सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण तय समय-सीमा में किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

अमानक पॉलिथिन पर निगम की बड़ी कार्रवाई

काटा 50 हजार का चालान

पॉलिथिन जब्त कर गोदाम को किया सील



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अमानक पॉलिथीन के उपयोग और भंडारण के खिलाफ नगर निगम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए सिल्वर कॉलोनी पार्क क्षेत्र में एक गोदाम सील कर दिया। वहीं एबी रोड स्थित टाटा ट्रेडर्स से अमानक पॉलिथीन जब्त कर दुकान संचालक के खिलाफ 50 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। सिल्वर कॉलोनी पार्क क्षेत्र स्थित गोदाम गुलरेज शेख का बताया जा रहा है।

नगर निगम को शिकायत मिली थी कि गोदाम में अमानक पॉलिथीन का भंडारण किया गया है। शिकायत के बाद निगम की टीम मौके पर पहुंची और जांच के बाद गोदाम को ताले लगाकर सील कर दिया। हालांकि गोदाम में रखी अमानक पॉलिथीन की मात्रा फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। निगम अधिकारियों के अनुसार विस्तृत जांच पूरी होने के बाद पॉलिथीन की मात्रा और आगे की कार्रवाई की जानकारी सामने आएगी। मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार ने बताया कि निगम आयुक्त के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। अमानक पॉलिथीन के संबंध में जहां से भी शिकायत या सूचना मिल रही है, वहां निगम की टीम पहुंचकर जांच और नियमानुसार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में एबी रोड स्थित टाटा ट्रेडर्स पर भी निगम टीम ने जांच की।

यहां अमानक पॉलिथीन मिलने पर उसे जब्त कर लिया गया और दुकान संचालक के खिलाफ 50 हजार रुपए का चालान बनाया गया। वहीं दुकान संचालक उस्मान शेख ने बताया कि निगम द्वारा जब्त की गई पॉलिथीन पुराना स्टॉक था। उनका कहना है कि वे वर्तमान में अमानक पॉलिथीन की बिक्री नहीं करते हैं।

राजीव गांधी जन्म जयंती पर कांग्रेस सेवादल ने निकाला मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जन्म जयंती 'सद्भावना दिवस' के अवसर पर कांग्रेस सेवादल द्वारा सोनकच्छ में सद्भावना मार्च निकाला गया। राजीव गांधी के योगदान का उल्लेख करते हुए पूर्व मंत्री वर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि "मैं एक रुपया भेजता हूं तो लोगों तक 25 पैसा पहुंचता है।" उन्होंने कहा कि इस बात की वास्तविकता को एक जमीन से जुड़ा राजनेता ही समझ सकता है। वर्मा ने आरोप लगाया कि उस समय भाजपा और आरएसएस के लोगों ने राजीव गांधी के इस बयान का मजाक उड़ाया था। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी ने कांग्रेस सेवादल की सेवा भावना का उल्लेख करते हुए कहा कि दिल्ली में जब जेन-जी के युवा आंदोलन कर रहे थे, तब सेवादल के कार्यकर्ताओं ने उनके लिए भोजन, पानी और सफाई व्यवस्था में सहयोग किया था। उन्होंने कहा कि सेवा, सहयोग और जरूरत के समय लोगों के साथ खड़ा होना सेवादल की पहचान है। सद्भावना मार्च अनाज मंडी से एमजी रोड, डॉग बंगला रोड, सोमवारिया और कालीसिंध मार्ग होते हुए बस स्टैंड पहुंचा। यहां से मार्च महाराणा प्रताप चौक पहुंचा। अनाज मंडी में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, बस स्टैंड पर डॉ. भीमराव आंबेडकर तथा महाराणा प्रताप चौक पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पार्षद कृष्णपाल सिंह बघेल,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौदान सिंह पवार, महेन्द्र सिंह यशोना तालोद, नगर अध्यक्ष अजय जैन,ओमप्रकाश परमार, सुरेन्द्र सिंह गौतम,राधेश्याम चौधरी, राजेंद्र सिंह परिहार, आरिफ खान गब्बर, सहित कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सेवादल कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र नागर ने किया, जबकि कांग्रेस सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र कुमार जाजू ने आभार प्रदर्शन किया।।

एक सितंबर से शुरू होगी श्री शिव महापुराण कथा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

नगर में आयोजित होने वाली श्री शिव महापुराण कथा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में अनाज व्यापारी संघ एवं अन्नपूर्णेश्वर मंदिर समिति, सोनकच्छ द्वारा कथा का प्रथम आमंत्रण भगवान श्री गणेश पूर्णेश्वर महादेव एवं अन्नपूर्णा माता एवं भैरव नाथ को विधि-विधान के साथ अर्पित किया गया। समिति के सदस्यों ने पूजा-अर्चना कर आयोजन के निर्विघ्न एवं सफल होने की कामना की। कथा का आयोजन 1 से 5 सितंबर तक अनाज मंडी प्रांगण, सोनकच्छ में किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा। कथा का वाचन पंडित राघव प्रदीप मिश्रा करेंगे। आयोजकों के अनुसार कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा, धार्मिक प्रसंगों और आध्यात्मिक संदेशों का श्रवण करने का अवसर मिलेगा।

तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत; चालक गंभीर घायल



देवास। बरोठा थाना क्षेत्र में बरखेड़ा मोड़ के पास गुरुवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे महिला सड़क पर गिर गई और ट्रक का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। मृतका की पहचान ममता गौर (40) निवासी भेरूगढ़ के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, ममता गौर पति रविशंकर के पीलिया का इलाज कराने के लिए अपने परिचित महेश के साथ नापाखेड़ी क्षेत्र गई थीं। इलाज के बाद दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बरखेड़ा मोड़ के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में ममता गौर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहे महेश गंभीर रूप से घायल हो गए।

आपात स्थिति से निपटने तैयारियों का अभ्यास और मॉकड्रिल की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतु राज सिंह के निर्देशानुसार गुरुवार को हवाई हमले जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासनिक एवं राहत-बचाव तंत्र की तैयारियों को परखने के लिए होमगार्ड एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस, आपदा मित्र, अग्निशमन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तथा रेस्क्यू दलों ने नगरनिगम परिसर में संयुक्त मॉकड्रिल एवं अभ्यास का आयोजन किया।

हवाई हमले की मॉक ड्रिल एवं संयुक्त अभ्यास नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार एवं अपर कलेक्टर संजीव जैन की उपस्थिति में किया गया।

मॉकड्रिल के दौरान हवाई हमले की चेतावनी जारी होने से लेकर राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किए जाने तक की पूरी प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। उपस्थित अधिकारियों, जवानों, स्वयंसेवकों एवं आम नागरिकों को आपात स्थिति में सुरक्षित स्थान पर पहुंचने, स्वयं एवं अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने के संबंध में जानकारी दी गई। अभ्यास के दौरान विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों का सजीव प्रदर्शन किया गया। निगम आयुक्त दलीप कुमार ने मॉकड्रिल में शामिल रेस्क्यू दलों द्वारा की गई कार्यवाही की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य केवल तैयारियों का परीक्षण करना नहीं है, बल्कि प्रशासन, सुरक्षा एजेंसियों, स्वयंसेवी दलों एवं आम नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना और आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया की क्षमता विकसित करना भी है। मॉकड्रिल के सफल आयोजन में जिला सेनानी राजेश जैन, कंपनी कमांडर वीणा कौशल, प्लाटून कमांडर माखन सिह पवार सहित रेस्क्यू दलों का विशेष योगदान रहा।

बाबा भंवरनाथ व मनकामेश्वर का किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



सावन माह की धार्मिक आस्था के बीच ग्राम महूड़ी से सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश और हाथों में कांवड़ लेकर बाबा भंवरनाथ महाराज एवं भगवान मनकामेश्वर के जलाभिषेक के लिए भौरासा पहुंचीं।

महिलाओं ने लोदरी नदी से पवित्र जल भरकर भव्य कलश एवं कांवड़ यात्रा निकाली। मंडल महामंत्री रामचरण धाकड़ के नेतृत्व में यात्रा ग्राम महूड़ी से ढोल-डीजे और भक्ति गीतों के साथ प्रारंभ हुई। यात्रा का भौरासा फाटे स्थित महाकाल आरओ प्लांट पर भाजपा मीडिया प्रभारी प्रेमचंद सेठी के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

इसके बाद बाबा भंवरनाथ मंदिर प्रांगण में मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

इस अवसर पर जीवन सिंह ठाकुर, खुर्द पिपलिया, आराम सिंह कुमावत, मनोहर सिंह यादव, प्रमोद पालीवाल, कमल यादव, हीरूलाल चावड़ा, कल्लू ठाकुर, नरेंद्र माली, विजय सिंह (भुरू) दरबार, अनिल नागर, मौसम माली, विनायक माली एवं सुमित धाकड़ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

इसके पश्चात महिला श्रद्धालुओं ने बाबा भंवरनाथ महाराज एवं भगवान मनकामेश्वर का लोदरी नदी के पवित्र जल से जलाभिषेक किया। जलाभिषेक के बाद विधिवत पूजन-अर्चन एवं आरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

सद्भावना दिवस के रूप में मनाई राजीव गांधी जयंती



भौरासा। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी व नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने देश की एकता, अखंडता, सद्भावना और सामाजिक समरसता के लिए राजीव गांधी के योगदान का स्मरण किया।

स्कूल के बच्चों ने किया रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरासा



सावन मास के पावन अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरुवार को पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं शिव रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के 400 से अधिक छात्रों ने पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया। पंडित मनोज जोशी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बच्चों से पार्थिव शिवलिंगों का रुद्राभिषेक कराया।

आयोजन के साथ ही थाली सज्जा प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं सुंदर ढंग से थालियां सजाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महाआरती और प्रसाद वितरण के बाद निर्मित पार्थिव शिवलिंगों का सामूहिक विसर्जन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनंतनारायण निगम ने बताया ऐसे आयोजनों से बच्चों को शिक्षा के साथ धर्म, संस्कृति और राष्ट्र ज्ञान भी प्राप्त होता है। कार्यक्रम में गणेश शिक्षण समिति के अध्यक्ष जमनालाल माली, सचिव धनसिंह सेंधव, कोषाध्यक्ष मुकेश माली, सदस्य, अभिभावक एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

पुण्योदय प्रकल्प ने भेंट किए 6 स्मार्ट टीवी और 1100 पुस्तकें

अम्बाझर का शासकीय विद्यालय अब हुआ डिजिटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा



राम अम्बाझर स्थित शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में हिन्दू-रक्षक संगठन के सामाजिक प्रकल्प 'पुण्योदय' का 19वां कार्यक्रम बुधवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, तकनीक, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सहभागिता का संदेश देते हुए विद्यालय को 6 स्मार्ट टीवी भेंट किए गए। साथ ही विद्यार्थियों के लिए लगभग 1100 पुस्तकें एवं कॉपियां वितरित की गईं। हिन्दू-रक्षक संगठन के राष्ट्रीय संयोजक एकलव्यसिंह गौड़ के संरक्षण में संचालित पुण्योदय प्रकल्प के माध्यम से जरूरतमंद विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रमेश चंद्र सोलंकी द्वारा शैक्षणिक संसाधनों के लिए सहयोग का अनुरोध किए जाने पर प्रकल्प ने विद्यालय को स्मार्ट टीवी और अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई। कार्यक्रम शुभारंभ के बाद विद्यार्थियों को पुस्तकें और कॉपियां वितरित की गईं तथा विद्यालय में लगाए गए स्मार्ट टीवी का उद्घाटन किया गया। स्मार्ट टीवी के माध्यम से अब विद्यार्थियों को दृश्य-श्रव्य और डिजिटल माध्यम से पढ़ाई करने में सुविधा मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान एकलव्यसिंह गौड़ सहित अतिथियों और उपस्थितजनों ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम में वीरेंद्र शेंडगे, पृथ्वीचंदन, कल्याण मीणा, मुकेश चौहान, देवेंद्र मंडलोई, सुरेश चौधरी, गोपाल चौधरी, दुर्गेश पाटीदार सहित संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। स्मार्ट टीवी और पुस्तकों की उपलब्धता से बच्चों की पढ़ाई अधिक रुचिकर और प्रभावी बनेगी। कार्यक्रम का संचालन पवन तंवर ने किया, जबकि अंत में अध्यापक धरमचंद पाटीदार ने सभी अतिथियों, संगठन पदाधिकारियों, ग्रामीणजनों और विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया।

ब्लॉक कांग्रेस ने राजीव गांधी की 82वीं जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांटाफोड़ द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की 82वीं जयंती सद्भावना दिवस के रूप में गांधी चौक स्थित शक्ति स्थल पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने "भारत माता की जय" और "राजीव गांधी अमर रहें" के नारों के साथ पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को याद किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की नींव को मजबूत करने, संचार एवं तकनीकी क्षेत्र में क्रांति को गति देने तथा युवाओं की लोकतांत्रिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए। पूर्व जिला महामंत्री अभिषेक भट्ट ने संबोधित करते हुए कहा कि राजीव गांधी के विचार, दूरदृष्टि और देश के प्रति समर्पण आज भी युवाओं एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विष्णु मीणा, कांग्रेस नेता राजेश होलानी, लोहारदा नगर कांग्रेस अध्यक्ष अंकुश सारडा, अभिषेक जोशी, बृजमोहन तिवारी, गणपति शर्मा, देवेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

पंचायत स्तर पर काम बंद कराने और भुगतान में देरी समेत कई समस्याएं उठाईं

मनरेगा में रोजगार, जॉब कार्ड और बेरोजगारी भत्ते की मांग को लेकर मजदूरों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



विभिन्न विकासखंडों के मजदूर परिवारों की समस्याओं को लेकर स्वाभिमानी मजदूर संगठन (स्मूस) के माध्यम से मजदूर प्रतिनिधियों ने गुरुवार को जिलाधिकारी के नाम अपर जिलाधिकारी (एडीएम) को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने मनरेगा के तहत नियमानुसार रोजगार उपलब्ध कराने, नए जॉब कार्ड बनाने, बेरोजगारी भत्ता दिलाने तथा कार्यस्थलों पर मजदूरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने सहित विभिन्न मांगें उठाईं।

संगठन का आरोप है कि मजदूर परिवारों द्वारा नियमानुसार रोजगार की मांग के लिए आवेदन देने के बावजूद कई विकासखंडों में उन्हें समय से रोजगार, जॉब कार्ड एवं बेरोजगारी भत्ता उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। प्रतिनिधियों ने इन समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि कई स्थानों पर रोजगार सेवक एवं सचिव द्वारा मजदूरों से काम के मांगपत्र और नए जॉब कार्ड के आवेदन नहीं लिए जाते। संगठन ने सभी विकासखंडों के पात्र मजदूर परिवारों को नियमानुसार रोजगार, जॉब कार्ड और बेरोजगारी भत्ता उपलब्ध कराने की मांग की। मजदूरों ने कार्यस्थलों पर मस्टररोल के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने की मांग की।

संगठन ने कहा कि नेटवर्क की समस्या के कारण यदि किसी मजदूर की ऑनलाइन अटेंडेंस दर्ज नहीं हो पाती है तो उसे कार्यस्थल से वापस न भेजा जाए। ऐसे मामलों में मस्टररोल पर हस्ताक्षर तथा ग्रुप फोटो के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि कुछ पंचायतों में एपीओ और बीडीओ को आवेदन देने के बाद काम शुरू तो कराया जाता है, लेकिन दो-तीन दिन बाद पंचायत स्तर से कार्य बंद करा दिया जाता है। संगठन ने ऐसी स्थिति की जांच कर मजदूरों को लगातार नियमानुसार रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की। मजदूर प्रतिनिधियों ने महरौनी विकासखंड की ग्राम पंचायत खटोरा का मामला भी उठाया। संगठन के अनुसार यहां करीब सात माह से रोजगार नहीं मिलने के कारण मजदूर परिवारों के सामने पलायन की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

संगठन ने दावा किया कि करीब 40 मजदूर परिवारों का 25 दिसंबर 2025 से 30 जुलाई 2026 तक का बेरोजगारी भत्ता, कुल 9,82,800 रुपये, लंबित होने की शिकायत है। संगठन ने मामले की जांच कर पात्र मजदूर परिवारों को नियमानुसार बेरोजगारी भत्ता दिलाने की मांग की। मजदूरों ने काम कराने के बाद समय से भुगतान नहीं होने की समस्या भी ज्ञापन में उठाई। उनका कहना है कि मजदूरी का भुगतान समय पर नहीं होने से मजदूर परिवारों को घर चलाने में परेशानी होती है। संगठन ने निर्धारित समय पर भुगतान कराने तथा देरी होने की स्थिति में नियमानुसार विलंब भुगतान दिलाने की मांग की। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि ब्लॉक स्तर पर काम का आवेदन देने जाने वाले मजदूरों को कुछ स्थानों पर रोजगार सेवक और प्रधान द्वारा घर जाकर धमकाया जाता है, जबकि सचिव द्वारा एफआईआर कराने की धमकी दिए जाने की शिकायत की गई। संगठन ने मजदूरों को बिना भय के रोजगार मांगने की सुविधा सुनिश्चित करने की मांग की। स्वाभिमानी मजदूर संगठन ने प्रशासन से सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जांच कर पात्र मजदूर परिवारों को नियमानुसार उनके अधिकार दिलाने और समस्याओं का समयबद्ध समाधान कराने की मांग की। संगठन ने स्पष्ट किया कि आंदोलन शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से किया गया है। समस्याओं का समयबद्ध समाधान नहीं होने पर आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रखने की बात कही गई।

मारपीट में घायल युवक की मौत के बाद हत्या का मुकदमा दर्ज, 5 वांछित गिरफ्तार

पैसों मांगने का विरोध करने पर सिर में पत्थर मारा था



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली पुलिस ने मारपीट के दौरान गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान हुई मौत के मामले में वांछित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। सभी आरोपियों को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। बीती 10 अगस्त 2026 को वादी ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने एक राय होकर उसकी पुत्री और बहनोई झरकौन निवासी अभय सिंह पुत्र मगन सिंह को रास्ते में रोक लिया और अवैध पैसों की मांग की। आरोप है कि अभय सिंह द्वारा पैसे देने से मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर पत्थर मार दिया। गंभीर चोट लगने से अभय सिंह मौके पर बेहोश हो गया। घायल अभय सिंह को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार उपचार के दौरान झांसी में करीब 30 वर्षीय अभय सिंह की मौत हो गई। इसके बाद दर्ज मुकदमे में धारा 103(1) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई।

पुलिस ने मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में पांच पुलिस टीमों का गठन किया था। गठित टीमों ने कार्रवाई करते हुए पांचों वांछित आरोपियों को 20 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में झरकौन निवासी मोर सिंह पुत्र जोरावल, मनोहर सिंह पुत्र जोरावल, म.प्र. जिला अशोकनगर के थाना पिपरई अंतर्गत ग्राम कर्र निवासी बृगभान पुत्र मोजीलाल, अशोकनगर के थाना मुंगावली अंतर्गत ग्राम ठाठखेड़ा हाल निवासी थाना सहराई के ग्राम तपोवन निवासी राहुल व आशीष उर्फ छोटू पुत्रगण रामदास लोधी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कार्रवाई एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ सदर के निकट पर्यवेक्षण में की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी व मय पुलिस टीम शामिल रही।

राजनैतिक दलों के साथ देखा ईवीएम वेयरहाउस



ललितपुर। जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विकास भवन परिसर में स्थापित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक बाह्य निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि ईवीएम भंडार कक्ष में ईवीएम को कड़ी सुरक्षा में विधानसभावार सुरक्षित रखा गया है, वेयर हाउस में सीसीटीवी कैमरों की कड़ी निगरानी है। इस पर निर्देश दिये गए कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम वेयर हाउस में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जायें। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश कुमार, निर्वाचन कार्यालय के प्रधान सहायक धमेन्द्र मोर्या, चकबंदी अधिकारी फहरत खान तथा राजनैतिक दलों में जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी हरदयाल सिंह लोधी, जिलाध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी जानकी प्रसाद, जिलाध्यक्ष अपना दल आईटी सेल सुरेन्द्र पटेल एवं जिला निर्वाचन कार्यालय का अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

ब्राह्मण महासभा ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर प्रदेश अध्यक्ष पर दर्ज मुकदमा वापस लेने की मांग की

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री वायरल करने और पुतला दहन का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य लीलाधर दुबे उर्फ कुल्लू के खिलाफ दर्ज मुकदमे को फर्जी बताते हुए उसे निरस्त करने की मांग की है। महासभा ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग भी की। ज्ञापन में महासभा की ओर से आरोप लगाया गया कि एक नेता द्वारा सोशल मीडिया पर कथित तौर पर एआई का उपयोग कर अनर्गल एवं आपत्तिजनक सामग्री वायरल की जा रही है। संगठन का कहना है कि इस तरह की गतिविधियों से सामाजिक सौहार्द बिगाडऩे का प्रयास किया जा रहा है। महासभा ने आरोप लगाया कि 18 अगस्त 2026 को घंटाघर पर कुछ लोगों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया तथा उनका पुतला दहन किया गया।

यह भी आरोप लगाया गया कि उनके फोटो पर चप्पल मारकर अपमान किया गया। संगठन ने जिलाधिकारी से जखौरा थाने में दर्ज मामले की निष्पक्ष एवं निष्पक्षता से जांच कराने की मांग की है। साथ ही उक्त युवक तथा घंटाघर पर कथित रूप से अपमानजनक कृत्य करने वाले लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है। महासभा ने चेतावनी दी कि यदि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई और प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ दर्ज मुकदमे को वापस नहीं लिया गया, तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन पर जिलाध्यक्ष सूर्यप्रकाश बिदुआ, राज्यवर्धन सिंह, देवेन्द्र पचौरी, अमरेश राव, गोपाल चौबे सहित संगठन के कई पदाधिकारियों एवं सदस्यों के हस्ताक्षर बताए गए हैं।

आठ नामजद समेत अन्य पर मुकदमा दर्ज

पार्टी के लिए 5 हजार रुपए मांगे मना करने पर मारपीट व धमकी दी

ललितपुर। थाना कोतवाली क्षेत्र के मसौरा बैरियर स्थित मामा ढाबा पर पार्टी के लिए पांच हजार रुपये मांगने और रकम देने से मना करने पर युवक व उसके मौसा के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आठ नामजद एवं दो-तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के कसाई मंडी निवासी फिरोज कुरैशी पुत्र हफीज कुरैशी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह गत 18 अगस्त 2026 की रात करीब 10.30 बजे अपने मौसा बब्लू पुत्र हमीद, निवासी सदनशाह के साथ मसौरा बैरियर स्थित मामा ढाबा पर चाय पीने गया था। आरोप है कि इसी दौरान वहां मौजूद वीपी राजा पुत्र चाली राजा निवासी चौकाबाग, सनी यादव, मोन्टी पुत्र जाहिद, गिन्ने, शरीफ पुत्र सुभान, नीतेश यादव तथा नसीम पुत्र मुवीन निवासी गोविंदनगर सहित दो-तीन अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे। आरोपियों ने फिरोज कुरैशी से पार्टी के लिए पांच हजार रुपये की मांग की। जब उसने रुपये देने से इंकार कर दिया तो आरोपी गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे उसके मौसा बब्लू के साथ भी मारपीट की गई, जिससे दोनों को शरीर पर चोटें आईं। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और इसके बाद मौके से चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अमरपुर मंडी में कथित उत्पीड़न और अनियमितताओं का आरोप

26 से फल-सब्जी व्यापारी लाइसेंस सरेंडर कर बंद करेंगे कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

अमरपुर स्थित फल एवं सब्जी मंडी में व्याप्त समस्याओं और मंडी प्रशासन के कथित मनमाने रवैये के विरोध में फल एवं सब्जी व्यापारी कल्याण समिति ने मोर्चा खोल दिया है। समिति ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो 26 अगस्त 2026 से व्यापारी सामूहिक रूप से अपने लाइसेंस सरेंडर कर कारोबार बंद करने को मजबूर होंगे। व्यापारी समिति का कहना है कि फल एवं सब्जी मंडी को अमरपुर में स्थानांतरित किए जाने के बाद से व्यापारी लगातार विभिन्न समस्याओं का सामना कर रहे हैं। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि मंडी अधिकारियों द्वारा निर्धारित नियमों के विपरीत मनमाने तरीके से कार्रवाई की जा रही है और व्यापारियों पर दबाव बनाया जा रहा है। समिति के अनुसार मंडी अधिकारियों के रवैये से व्यापारियों को मानसिक परेशानी के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। व्यापारियों ने ज्ञापन में बताया कि अमरपुर मंडी में स्थानांतरण के बाद से अब तक उनके लाइसेंसों का नवीनीकरण नहीं किया गया है। इसके अलावा 1 और 2 जुलाई 2026 को लाटरी के माध्यम से दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया में भी व्यापारियों ने कथित अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं।

समिति का आरोप है कि वर्षों से कारोबार कर रहे पुराने व्यापारियों की अपेक्षा नए लोगों को दुकानों के आवंटन में प्राथमिकता दी गई। व्यापारियों ने पूरी प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराने और पुराने व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए समाधान की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि उन्हें कई मामलों में मौखिक आदेशों के माध्यम से निर्देश दिए जा रहे हैं। समिति ने प्रशासन से मांग की है कि व्यापारियों को दिए जाने वाले सभी निर्देश लिखित रूप में जारी किए जाएं, ताकि स्थिति स्पष्ट रहे और किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। व्यापारियों ने मंडी को स्थानांतरित करते समय दिए गए पूर्व आश्वासनों को पूरा करने की भी मांग की है। फल एवं सब्जी व्यापारियों ने अमरपुर मंडी स्थल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चिंता जताई है। उनका कहना है कि मंडी शहर से काफी दूर होने के कारण व्यापारियों और ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने प्रशासन से मंडी स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा व्यापार को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कराने की मांग की। फल एवं सब्जी व्यापारी कल्याण समिति के अध्यक्ष मुहम्मद जमा राईन और महासचिव रघुवीर कुशवाहा ने कहा कि मंडी प्रशासन के कथित अनुचित व्यवहार के कारण व्यापारियों को लगातार आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का विधिवत समाधान और उचित मार्गदर्शन नहीं मिलने की स्थिति में उनके पास लाइसेंस सरेंडर कर कारोबार बंद करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। समिति ने प्रशासन से मांग की है।

सदस्यों ने गत वर्ष के कार्यवृत्त पर विस्तृत चर्चा की

ललितपुर। जनपद स्तरीय क्रियान्वयन समिति एवं जिला औद्यानिक मिशन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम जिला उद्यान अधिकारी द्वारा विगत वर्ष की बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन के बारे में बताया गया तथा सभी सदस्यों द्वारा गत वर्ष के कार्यवृत्त पर विस्तृत चर्चा की गयी। तत्पशचात जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में संचालित विभिन्न औद्यानिक विकास योजनाओं के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 हेतु लक्ष्य प्राप्त हुये जिसमें एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत कुल 16 कार्यक्रमों के अन्तर्गत 139 हे के लक्ष्य एवं 30.34 लाख का परिव्यय निर्धारित है। इसके अन्तर्गत इस वर्ष मषरूम उत्पादन इकाई, बीजीय मसाले अजवाइन, जीरा, धनिया की खेती, स्ट्रॉबेरी, गुलाब, रोजमेरी की खेती, हल्दी अदरक की खेती, मल्चिंग, मचान, फेंसिग, खेत तालाब एवं लाइट ट्रेप के लक्ष्य प्राप्त हुये है। पर ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रोइरीगेशन योजनान्तर्गत 4414 हे0 के लक्ष्य के सापेक्ष 1168.49 लाख का परिव्यय निर्धारित है जिससे लगभग 3531 किसानों को लाभ पहुॅचेगा।

■ जनपद स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक संपन्न

मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक मिशन योजनान्तर्गत 09 कार्यक्रम के अन्तर्गत 39 हे0 के लक्ष्य प्राप्त हुये है। जिसमें बेर, अमरूद उद्यान रोपण, संकर सब्जी की खेती, फेंसिग, वर्मी बेड, पॉवर टिलर एवं पॉवर स्प्रेयर आदि सम्मिलित है। 4. अनुसूचित जाति/जनजाति क्षेत्र में औद्यानिक विकास योजनान्तर्गत कुल 08 कार्यक्रमों में 37.5 हे0 के लक्ष्य प्राप्त है जो केवल अनुसूचित जाति/ जनजाति के किसानों को प्रदान किये जायेगें जिसमें बेल वाली सब्जी, टमाटर, मसाला मिर्च, शिमला मिर्च, गेंदा, आईपीएम, एवं पॉवर टिलर के लक्ष्य प्राप्त है। 5. बुन्देलखण्ड विन्ध्यक्षेत्र में औद्यानिक विकास योजनान्तर्गत अभी लक्ष्य प्राप्त नहीं हुये है 50 हे में नवीन उद्यान रोपण हेतु प्रस्ताव भेजा गया है। 6. प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजनान्तर्गत कृषक/उद्यमियों द्वारा खाद्य प्रसंस्करण की इकाई स्थापित करने पर मशिनरी इकाई लागत का 35 प्रतिषत अधिकतम 10 लाख अनुदान अनुमन्य है।

जिला विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि विभाग द्वारा जिन कृषकों की फोटो/वीडियो प्रदर्शित की जाये उन्हे बैठक में बुलाया भी जाये, समन्वयक केवीके द्वारा सभी कृषको से एवं विभागों से जैविक को बढ़ावा देने हेतु अनुरोध किया गया, उप कृषि निदेशक द्वारा पॉली हाऊस के आवेदन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली गयी। साथ ही कृषक हरनाम सिंह द्वारा मल्टी लेयर कृषि के बारे में बताया गया, ग्याप्रसाद ग्राम उत्तमधाना द्वारा अपने नींबू के बाग के बारे में बताया गया रामबहादुर ग्राम टोडी द्वारा अपने मावा खोवा प्लांट की जानकारी दी गयी। अंत बैठक में उपस्थित समिति के सभी सदस्यों द्वारा वर्ष 2026-27 में संचालित योजनाओं का सहर्ष अनुमोदन प्रदान किया गया एवं जिला उद्यान अधिकारी राजेन्द्र कुमार द्वारा समिति के सभी सदस्यों का धन्यवाद व्यक्त किया गया और बैठक का समापन किया।

क्षत्रिय महासभा ने शोक सभा कर जताया दुख

ललितपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक कार्यालय पर जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह परमार की अध्यक्षता में शोक सभा के रूप में हुई। इसमें महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष उमाशंकर सिंह कुशवाह के ज्येष्ठ पुत्र देवेंद्र सिंह राजावत तथा ब्लॉक अध्यक्ष मड़ावरा नारायण सिंह सेंगर के चाचा भवानी सिंह सेंगर गंगचारी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया।

उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। सभा में मुन्नासिंह चौहान, मुलायम सिंह बैंस, राघवेंद्र सिंह बघेल, भगवत सिंह बैंस, जगदीश सिंह परमार, जयहिंद सिंह परमार, भूपेंद्र सिंह तोमर, भरत सिंह चौहान, अमर सिंह तोमर, छत्रपाल सिंह परमार, धर्मेंद्र सिंह परमार, जय सिंह परमार, शेर सिंह परमार, अजय प्रताप सिंह, नारायण सिंह सेंगर, अखंड प्रताप सिंह राजावत, देवेंद्र सिंह चौहान, अभिमन्यु सिंह बघेल, पुष्पेंद्र सिंह परमार, अखंड प्रताप सिंह बुंदेला, अरविंद सिंह बुंदेला, वीरेंद्र सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, शैलेन्द्र राजा बुंदेला, सूर्यप्रताप सिंह बुंदेला, राघवेंद्र सिंह चौहान, अजीत सिंह पवार, रामप्रताप सिंह परमार, अमित परमार, ताहर सिंह परमार, शिवकरण सिंह तोमर, बालेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, जितेंद्र सिंह, रविन्द्र सिंह, रोहित राजा, आकाश चौहान, अजय राजा, रवि राजा, गोलू राजा, चंचल राजा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

परमहंस मंदिर में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई

जीवन में कल्याणकारी तुलसीदास का साहित्यः मानस मराल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



परमहंस मंदिर में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाई गई। इस दौरान प्रयागराज से आए मानस मर्मज्ञ मानस मराल ने तुलसीदास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मानस मराल ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदासजी द्वारा रचित श्रीरामचरितमानस आदर्श जीवन का मार्गदर्शन करने वाला तथा मानव जीवन के लिए कल्याणकारी ग्रंथ है। बाबा तुलसीदासजी ने प्रभु श्रीराम की भक्ति का अत्यंत सरल एवं सहज रूप में वर्णन किया, जिसे सामान्य व्यक्ति भी आसानी से समझ और आत्मसात कर सकता है। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस की प्रत्येक चौपाई में जीवन को सही दिशा देने वाला कोई न कोई मंत्र छिपा हुआ है। इसमें ज्ञान और भक्ति का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है।

मानस मराल ने रामचरितमानस के अनेक गूढ़ रहस्यों एवं प्रसंगों की व्याख्या करते हुए श्रद्धालुओं को उसके आध्यात्मिक एवं व्यावहारिक महत्व से परिचित कराया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने तुलसीदासजी के साहित्य और श्रीराम की भक्ति से जुड़े विचारों को श्रद्धापूर्वक सुना। वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता गोविंद नारायण रावत, पं.रमेश पाठक, श्रीहनुमान जयंती महोत्सव समिति अध्यक्ष ब्रजेश चतुर्वेदी, बद्री पाठक, चंद्रशेखर राठौर, राजकुमार राठौर, सेवानिवृत्त ए.ई. एनपी सैनी, ब्रजेश तिवारी, विवेक चौपड़ा, आशु सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं जिज्ञासु मौजूद रहे। कार्यक्रम में पं.श्याम बिहारी मिश्र, बालकृष्ण पांडे और राजीव कुमार दुबे ने संगीतमयी प्रस्तुतियां देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उपस्थित लोगों ने भक्ति संगीत का आनंद लिया।

चार दिन बंद रहेगी रेलवे क्रॉसिंग

बम्हौरी-ललितपुर मार्ग पर 23 तक बंद वैकल्पिक मार्ग से निकलेंगे वाहन

ललितपुर। उत्तर मध्य रेलवे के ललितपुर रेलखंड में ट्रैक की आवश्यक मरम्मत के चलते बम्हौरी-ललितपुर मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 328सी को चार दिनों के लिए बंद किया जाएगा। रेलवे प्रशासन के इस निर्णय से इस मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। वरिष्ठ खंड अभियंता (रेल पथ) की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार जीरोंन-ललितपुर रेलखंड के मध्य स्थित समपार संख्या 328सी, किमी 1031/2-4 डाउन रोड पर ट्रैक की अति आवश्यक मरम्मत का कार्य प्रस्तावित है। इसके चलते 20 से 23 अगस्त 2026 तक उक्त रेलवे क्रॉसिंग से सड़क यातायात पूरी तरह बंद रहेगा। रेलवे प्रशासन ने आमजन एवं वाहन चालकों से अपील की है कि क्रॉसिंग बंद रहने की अवधि में आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। रेल प्रशासन ने मरम्मत कार्य को निर्धारित समय में पूरा कराने तथा कार्य के दौरान यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन से आवश्यक सहयोग एवं सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। क्रॉसिंग बंद रहने के दौरान बम्हौरी और ललितपुर के बीच आने-जाने वाले वाहन चालकों को पहले से वैकल्पिक मार्ग की जानकारी रखने की सलाह दी गई है।



अतिरिक्त कक्षों का निरीक्षण किया

मंत्री टेटवाल ने छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण की

हेल्थ केयर एवं ब्यूटी एंड वैलनेस की पुस्तकों का भी छात्राओं को वितरण किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगपुर में बुधवार को तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मंत्री ने विद्यालय की 32 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की। कार्यक्रम में जिले से 18 अगस्त को प्राप्त व्यावसायिक शिक्षा विषय की हेल्थ केयर एवं ब्यूटी एंड वैलनेस की पुस्तकों का भी छात्राओं को वितरण किया गया। इसके साथ ही मंत्री डॉ. टेटवाल ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया तथा निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण किया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल,भाजपा नेता विष्णु पाटीदार,मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद सहित पार्षदगण एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुरेश वीरमाल, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बीएल वर्मा एवं नायब तहसीलदार भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय नागर ने किया। प्राचार्य दिनेश गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

ग्राम पंचायतों की समीक्षा बैठक में कमियों और उदासीनता पर जताई नाराजगी

जिला पंचायत सीईओ का एक्शन, लापरवाही पर 5 पंचायत सचिव तत्काल प्रभाव से सस्पेंड



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

अधिकारियों की सतत मॉनिटरिंग के बावजूद जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पदस्थ अमला लापरवाहियों और कर्तव्य विमुखता से बाज नहीं आ रहा है।नरसिंहगढ़ ब्लॉक की पंचायतों की समीक्षा बैठक के दौरान विभिन्न तरह की लापरवाहियों और कर्मियों पर राजगढ़ जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर इच्छित गढ़पाले का तल्ख रुक देखने मिला। उन्होंने पांच पंचायत सचिवों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने वहीं कुछ सचिवों व रोजगार सहायकों का वेतन काटने एवं अन्य पंचायत में अटैच करने के आदेश प्रदान किए हैं। समीक्षा के दौरान नरसिंहगढ़ की कई ग्राम पंचायतों में कर वसूली नहीं किए जाने तथा बैठक में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने सीईओ श्री गढ़पाले ने चंदूलाल देवड़ा, सचिव ग्राम पंचायत विजयगढ़, नारायण सिंह कुशवाह, ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत विजयगढ़, अनूप गुर्जर, सचिव ग्राम पंचायत साका जागीर तथा निरंजन सिंह गुर्जर, ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत साका जागीर का 3 दिवस का वेतन काटे जाने के आदेश दिए। वहीं मुकेश दांगी, ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत पाडल्या बना को जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ में अटैच किए जाने के आदेश दिए।

इन पांच कर्मचारियों पर गिरी निलंबन की गाज

बैठक से अनुपस्थित रहने पर कार्रवाई ग्राम पंचायत चारपुरा के ग्राम रोजगार सहायक धर्मेन्द्र विजयपुरिया के बिना पूर्व सूचना के समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने पर उन्हें जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ में संलग्न किए जाने के आदेश दिए गए। इसी प्रकार शिवनारायण झलावा, सचिव ग्राम पंचायत बूचाखेड़ी तथा ओम प्रकाश सेन, सचिव ग्राम पंचायत मवासा एवं अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत सराना के बिना पूर्व सूचना के बैठक में अनुपस्थित रहने तथा कर वसूली में अपेक्षित प्रगति नहीं किए जाने पर सस्पेंड कर दिया गया। इसी तरह समीक्षा के दौरान कर वसूली में लापरवाही एवं बैठक में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने पर रमेशचंद्र मालवीय, सचिव ग्राम पंचायत पाडल्याबना, चैनसिंह चैधरी, सचिव ग्राम पंचायत मानपिछोड़ी तथा गजेंद्र सिंह बैस, सचिव ग्राम पंचायत परसूखेड़ी को भी निलंबित कर दिया गया।

जो भी लापरवाही करेगा, उस पर लिया जाएगा एक्शन

बैठक में सीईओ श्री गढ़पाले ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा कार्यों की गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी, गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी कार्य में अनियमितता, लापरवाही अथवा निर्देशों की अवहेलना पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

विभिन्न योजनाओं, कार्यों की गहन समीक्षा

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नरसिंहगढ़, सहायक यंत्री, उपयंत्री, जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में वीबी-जी रामजी योजना अंतर्गत लेबर नियोजन, पूर्व में स्वीकृत कार्यों की पूर्णता, सीपरी पोर्टल पर कार्यों की प्लानिंग, पंचायतीराज अंतर्गत करारोपण एवं कर वसूली, आंगनबाड़ी भवनों, पंचायत भवनों तथा विद्युत देयकों के भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2025 के निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध जारी स्वीकृतियों की ग्राम पंचायतवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

सड़क न बनने पर जताया आक्रोश

नगर पालिका गेट पर धरना देकर बैठे वार्ड-14 के बाशिंदे



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

दो साल पहले से स्वीकृत सड़क का निर्माण अभी तक शुरू नहीं के चलते वार्ड क्रमांक-14 के रहवासियों का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। वार्ड के कई महिला, पुरुष सड़क की खस्ताहालत से परेशान होकर नगर पालिका गेट पर धरना देकर बैठ गए।

इस दौरान वार्ड पार्षद मोहित तंवर भी साथ थे जिन्होंने नगर पालिका प्रबंधन पर आरोप लगाए कि कांग्रेस समर्थित पार्षद होने के चलते उनके वार्ड में विकास कार्य नहीं करवाए जा रहे हैं। रहवासियों ने बताया कि वार्ड-14 में बाराद्वारी कॉलोनी में परेड ग्राउंड के पीछे से कायाकल्प योजना-2 के तहत सड़क दो साल पहले से स्वीकृत है। इसके बावजूद आज दिनांक तक सड़क निर्माण कार्य आरंभ नहीं करवाया गया है। ठेकेदार को टैंडर देने के बाद भी काम शुरू नहीं हो पा रहा है। सड़क की खस्ताहालत के चलते सैकड़ों लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की हालत बद से बदतर होने के कारण पैदल निकलना भी दुश्वार हो गया है। पार्षद तंवर सहित वार्ड के बाशिंदों ने नपा सीएमओ पवन अवस्थी से मांग रखी कि या तो सड़क का काम शुरू करवाया जाए या टैंडर निरस्त कर दूसरी एजेंसी/ठेकेदार को काम सौंपा जाए।

सीनियर वर्ग में मॉडल स्कूल की छात्रा रानी का प्रदर्शन रहा बेहतर

मॉडल स्कूल भानपुरा में संभाग स्तरीय शालेय वेटलिफ्टिंग स्पर्धा संपन्न

17 व 19 वर्ष के बालक-बालिकाएं हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा/मंदसौर

उज्जैन संभाग के शाजापुर, रतलाम, देवास, उज्जैन, आगर मालवा, नीमच और मंदसौर जिले के लगभग 95 बालक- बालिकाओं ने संभागीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़ व भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेखा मांदलिया के हाथों संपन्न हुआ। आयोजन में प्राचार्य दीपक टेलर, पूर्व ब्लाक शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार सिंह चंदेल ,भाजपा मंडल अध्यक्ष भैसोदा उमेश पाटीदार सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे। भगवान हनुमान



महाराज की पूजा अर्चना कर प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ किया गया।

प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक व्यायाम शिक्षक किशोर कुमार माली, कृष्णा दीक्षित उज्जैन, तरुण लोहार, संदीप मंडलोई शाजापुर, राष्ट्रीय खिलाड़ी जीवन कुमार उनियारा रहे एवं पूरी प्रतियोगिता राष्ट्रीय निर्णायक आदित्य सोलंकी की देखरेख में संपन्न हुई। जूनियर बालिका वर्ग में श्रेष्ठ प्रदर्शन

शासकीय मॉडल स्कूल भानपुरा की खिलाड़ी छात्रा मन्नू पाटीदार का रहा। वहीं सीनियर वर्ग में भी मॉडल स्कूल की छात्रा रानी सरदार का बेस्ट प्रदर्शन रहा। जूनियर बालक वर्ग में उज्जैन के राघव दीक्षित का श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। वहीं सीनियर वर्ग में शाजापुर के अंशुल मंडलोई बेस्ट लिफ्ट चुने गए। प्रतियोगिता को सफल बनाने में भानपुरा के सभी खेल शिक्षकों का योगदान रहा।

गांधी सागर पुलिस थाना जूझ रहा पुलिस बल की कमी से

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा/मंदसौर

गांधी सागर में पुलिस स्टाफ की कमी सामने आई है। यहां स्वीकृत 27 के मुकाबले मात्र पुलिस थाने में 10 का पुलिस बल मौजूद है। पुलिस थाने में 17 पद रिक्त पड़े हैं। मप्र व मंदसोर जिले के अनेक वीआईपी का यहां आगमन आम बात है जिनकी सुरक्षा से लेकर चीता प्रोजेक्ट तक की बड़ी जिम्मेदारियों का बोझ महज 10 पुलिसकर्मियों के भरोसे होना पुलिस विभाग की कार्य पद्धति हास्यास्पद है यहां पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती हेतु उच्च अधिकारियों को तत्काल संज्ञान लेकर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करना चाहिए यूं भी मंदसौर जिले का महत्वपूर्ण पर्यटन क्षेत्र गांधीसागर व प्रदेश का महत्वपूर्ण बांध, जल विद्युत गृह, अभ्यारण्य में संचालित चीता प्रोजेक्ट तथा लगातार बढ़ते पर्यटन के कारण यहां पुलिस की जिम्मेदारियां सामान्य थानों की तुलना में कहीं अधिक हैं। इसके बावजूद थाना बल की भारी कमी से जूझ रहा है।

जानकारी के अनुसार गांधीसागर पुलिस थाने में स्वीकृत 27 पदों में से 17 पद रिक्त हैं। वर्तमान में थानाप्रभारी सहित महज 10 पुलिसकर्मी उपलब्ध हैं, जो विभागीय कार्य, फील्ड ड्यूटी, न्यायालयीन कार्य, वीआईपी सुरक्षा, अधिकारियों के भ्रमण तथा कानून-व्यवस्था जैसी जिम्मेदारियां संभाल रहे हैं। लगातार बढ़ते कार्यभार के कारण मौजूदा स्टाफ पर अतिरिक्त दबाव बना हुआ है।

वीआईपी मूवमेंट और चीता प्रोजेक्ट से बढ़ी जिम्मेदारी



गांधीसागर क्षेत्र में बांध एवं जल विद्युत गृह के अलावा अभ्यारण्य और चीता प्रोजेक्ट होने से समय-समय पर वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों, न्यायालयीन अधिकारियों तथा वीआईपी का आवागमन होता रहता है। पर्यटन सीजन में पर्यटकों की आवाजाही भी बढ़ जाती है। ऐसे में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की आवश्यकता रहती है। एसआई दौलतसिंह पंवार के निधन से एक और पद खाली हो गया,थाने में पदस्थ एएसआई से पदोन्नत होकर एस आई बने दौलतसिंह पंवार का 18 अगस्त को निधन हो गया। उनके निधन से थाना स्तर पर एक महत्वपूर्ण पुलिस अधिकारी का पद भी रिक्त हो गया है। पहले से ही सीमित पुलिस बल के बीच इस घटना से कार्य व्यवस्था पर और दबाव बढ़ने की स्थिति बन गई है।

पुलिस मुख्यालय से अतिरिक्त बल की दरकार

गांधीसागर की भौगोलिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थिति को देखते हुए यहां पुलिस बल की स्वीकृत संख्या के अनुरूप पदस्थापना होना जरूरी है बांध, विद्युत गृह, चीता प्रोजेक्ट और पर्यटन गतिविधियों के कारण आने वाले समय में पुलिस की जिम्मेदारियां और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में रिक्त पदों को भरने के साथ अतिरिक्त पुलिस बल उपलब्ध कराया जाना आवश्यक माना जा रहा है, ताकि मौजूदा जवानों पर पड़ रहे अतिरिक्त कार्यभार को कम किया जा सके और थाना संबंधी कार्य प्रभावी ढंग से संचालित हो सकें। गांधी सागर की लगभग 10 हजार की आबादी के साथ साथ पठार क्षेत्र क नावली, श्रीनगर, बड़ोदिया, ऐतिहासिक हिंगलाजगढ़ किला, सांवध, धांगा, कोटड़ी टेंक, लगी आदि अनेक गांव इसी पुलिस थाने के अंतर्गत पड़ते हैं व गांधी सागर में वर्तमान में तीन नंबर, सात नंबर, आठ नंबर की जनता की सुरक्षा भी इसी पुलिस थाने के जिम्मे है। इस मामले में एसडीओपी गरोठ भानपुरा विजय कुमार यादव ने बताया कि पहले यहां कुछ इशु थे परंतु वास्तव में यहां काफी कम पुलिस बल तैनात है। उच्चाधिकारियों से आग्रह कर यहां पर्याप्त पुलिस बल शीघ्र बढ़वाया जाएगा।

10वीं के 40, 12वीं के 48 विद्यार्थी शामिल

राठौर समाज ने 88 प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

क्षत्रिय राठौर समाज संगठन कुरावर के तत्वावधान में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले राजगढ़ जिले के राठौर समाज के 88 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इनमें कक्षा 10वीं के 40 एवं कक्षा 12वीं के 48 विद्यार्थी शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन एवं राष्ट्रवीर दुर्गादास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद सभी अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राठौर समाज के जिलाध्यक्ष मनीष राठौर ने सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि राठौर समाज ने शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर प्रगति की है। विद्यार्थियों को आगे भी पूरी लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई करते हुए अपने माता-पिता, समाज और क्षेत्र का नाम रोशन करना चाहिए। समारोह में कुरावर के अलावा झाडला, बिसारती, झुमका, पखरी, खलेली, चंदरपुरा, बोड़ा सेमला, मुंडला बरोल, बीजोरी, माना, झड़कीया जागीर, खोकरा कलां, खारदोन सहित जिले के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

कार्यक्रम में संयोजक राजू राठौर, कुरावर नगर अध्यक्षय नवीन राठौर, सेवानिवृत्त सैनिकय महामंत्री संजय राठौरय युवा प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष नीरज राठौरय चिरायु राठौरय ब्लॉक अध्यक्ष रमेश कुमार राठौर खलेलीय शिवचरण राठौर, सरपंच पखरीय बाबूलाल राठौर, संजय राठौर, रंगलाल राठौर, धूलजी राठौर, राजेश राठौर, राधेश्याम राठौर, जगदीश राठौर, गिरिजा शंकर राठौर, दिनेश राठौर, रामप्रसाद राठौर, महेश राठौर, भेरूलाल राठौर, जी.एल. राठौर, मोहन राठौर, तेजसिंह राठौर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

जैसा हम कर्म करेंगे वैसा ही फल मिलेगा: भाईजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय जीरापुर सेवाकेन्द्र मे योग तपस्या भट्टी संपूर्णता की और बढ़ते कदम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से माऊण्ट आबू शान्तिवन से राजयोगी ब्रह्माकुमार भगवान भाईजी ज्ञान योग साधना कराने पहुंचे। संपूर्णता को प्राप्त करने के लिये आध्यात्मिक ज्ञान की गहराईयों में ले जाते हुए भाईजी ने कहा की कर्मों की गति महान है । जैसा हम करेंगे वैसा ही हमें मिलेगा।किसी को दुख देंगे तो दुख मिलेगा,सुख देंगे तो सुख मिलेगा। जैसी भावना हम दूसरों के लिए रखेंगे वैसी ही भावना हमें मिलेगी। उन्होने बताया की हमे व्यर्थ संकल्पों को खत्म करना है ।



परचिन्तन जैसी आदतों को खत्म करना है । भगवान को याद कर उनसे शक्तिया लेनी है । पॉजिटिव विचार करना है। निगेटिव को खत्म करना है। क्योंकि विचारों से ही शब्द,वृत्ति,व्यवहार,चरित्र, भाग्य बनता है। गलत सोच से ही तनाव होता है। तनाव से शक्ति खत्म होती है । गलत सोच से ही मन की ,तन की अनेकों बीमारियाँ होती है। हमे समर्थ संकल्प करना है तब हम निंदा,स्तुति,ग्लानि को डाईजेस्ट कर सकेंगे। मनोबल को मजबूत करने के लिए हमें नित्य अमृत वेले भगवान को याद करना है। जिससे आत्मा चार्ज हो सके। भाईजी ने कहा की जो भी होता है अच्छे के लिए ही होता है। यही गीता का भी सार है। तपस्या भट्टी का उद्घाटन राजयोगी ब्रह्माकुमार भगवान भाईजी, इंजीनियर जनपद अशोक गुर्जर, ब्रह्माकुमारी मधु दीदी, नम्रता दीदी ने दीप प्रज्वलन कर किया। ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी ने अतिथियों का स्वागत तिलक, चन्नी, पगड़ी के द्वारा स्वागत किया। मुस्कान ने अतिथियों के स्वागत में नृत्य प्रस्तुत किया। संस्था के भाई बहनों ने माउंट आबू से आए राजयोगी ब्रह्माकुमार भगवान भाईजी का फूलों के द्वारा स्वागत किया।

भैंस चोरी की घटनाओं से माचलपुर क्षेत्र में बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

स्थानीय थाना क्षेत्र में लगातार सामने आ रही भैंस चोरी सहित चोरियों की घटनाओं से ग्रामीणों और नगरवासियों में चिंता बढ़ गई है। तीन दिन पहले थाना क्षेत्र के ग्राम गोगटपुर से भैंस चोरी की घटना सामने आई थी। समय रहते घटना का पता चलने पर ग्रामीणों और पुलिस ने चोरों का पीछा किया। पीछा किए जाने पर चोर भैंसों से लदी गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गए। इसके बाद गत रात्रि माचलपुर नगर में भी भैंस चोरी का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया। जानकारी के अनुसार नगर निवासी राजेश पिता गोवर्धन कोठारी की भैंस चोरी करने का प्रयास किया गया। इसी दौरान मोहल्ले के लोगों के जाग जाने पर चोर मौके से भाग निकले और चोरी की घटना टल गई। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं के बाद नगर और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी देखी जा



रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ग्रामीण जागरूक नहीं होते तो चोर अपने मंसूबे में सफल हो सकते थे। नगर सहित क्षेत्रवासियों पुलिस से रात के समय गश्त बढ़ाने, पूर्व में हुई घटनाओं की जांच कर आरोपियों का पता लगाने और पशु चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है। वहीं, लगातार हो रही घटनाओं को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब देखना होगा कि पुलिस इन घटनाओं को रोकने के लिए क्या प्रभावी कदम उठाती है।

बसों के स्टाफ को अग्निशमन यंत्र चलाने का प्रशिक्षण दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

परिवहन विभाग राजगढ़ द्वारा यात्री वाहनों, स्कूली बसों सहित अन्य वाहनों का चेकिंग अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में आरटीओ ज्ञानेंद्र वैश्य के नेतृत्व में परिवहन विभाग की टीम द्वारा बुधवार को तलेन क्षेत्र में वाहनों की चेकिंग की गई। स्कूल बसों की चेकिंग के दौरान चालक, क्लीनर को आगजनी की स्थिति में उस पर नियंत्रण पाने अग्निशमन यंत्र के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। चौधरी टेवल्स की यात्री बस को चेक करने पर ड्राइवर वर्दी में न होने के चलते 1 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। आदर्श पब्लिक स्कूल की बस में अग्निशमन यंत्र न होने साथ ही चालक के वर्दी में न होने के चलते 3 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया। इसी तरह मास्टर माइंड स्कूल, तलेन की दो स्कूल बसों की चेकिंग में कमियां पाए जाने पर 5 हजार रुपए जुर्माना लगाने की कार्यवाही टीम द्वारा की गई। संस्कार कान्वेंट स्कूल की बस की जर्जर हालत के चलते फिटनेस निरस्त करते हुए 10 हजार रुपए का जुर्माना ठोका गया। सर्वोदय स्कूल की बसों की चेकिंग में कोई कमी नहीं पाई गई। बस के चालकों को फायर फाइटर सहित अन्य प्रशिक्षण आरटीओ टीम द्वारा दिया गया।

अपने ऊपर लगे आरोपों पर बोले भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष

धार्मिक कार्यों में हमेशा बाधाएं आती हैं: दीपक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जब-जब धर्म का कार्य होता है तो आसुरी शक्तियां हावी होती हैं। धार्मिक और सामाजिक कामों में हमेशा बाधाएं आती हैं। 84 हनुमान दर्शन यात्रा को लेकर एक व्यक्ति द्वारा आर्थिक सहायता(चंदे) के संबंध में जो आरोप लगाए गए हैं वे पूरी तरह बेबुनियाद हैं। उक्त यात्रा के लिए बाकायदा पूरी समिति बनी हुई है। उस समिति के सम्मुख पूरा हिसाब रखा जा चुका है।

उक्त बात भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने बुधवार दोपहर एक प्रेसवार्ता को संबोधित



करते हुए अपने ऊपर लगे उन आरोपों को खारिज करते हुए कहीं जिसमें पूर्व पार्षद प्रतिनिधि भानू जकोदिया द्वारा यात्रा संबंधी हिसाब न देने की शिकायत थाने पहुंचकर की गई थी। श्री शर्मा ने आगे कहा कि भानू जकोदिया द्वारा स्वेच्छा से राशि दी गई थी। यात्रा के 07 माह बाद उन्होंने हिसाब मांगा। इस पर उनसे आयोजन समिति के सम्मुख हनुमान मंदिर में बैठकर हिसाब देखने आने कई बार बोला गया लेकिन श्री जकोदिया नहीं आए।

आगे भी होगा यात्रा का आयोजन

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि वे आरोपों से हतोत्साहित नहीं हैं। जीवन में अनेकों बार झंझावात आते हैं पर ऐसी अड़चनें धर्म की पताका को झुका नहीं पातीं। आगामी 24 जनवरी को पुनः 84 हनुमान दर्शन यात्रा का आयोजन और वृहद रूप में किया जाएगा। उधर, इस बारे में पूर्व पार्षद प्रतिनिधि भानू जकोदिया की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। उनका कहना है कि कार्यक्रम के आठ महीने बाद भी दीपक शर्माजी ने हिसाब क्यों नहीं दिया। मैंने आयोजन हेतु 2 लाख रुपए दिए तो मुझे हिसाब मांगने का हक है। यात्रा आयोजन में उतना खर्च नहीं हुआ जितनी राशि एकत्रित हुई थी।